भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3651
दिनांक 16.07.2019/25 आषाढ़, 1941(शक) को उत्तर के लिए

तूफान के कारण विनाश

†3651. श्री नितेश गंगा देबः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 6 जून, 2019 को उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के कई जिलों में अचानक धूल भरी आंधी, आकाशीय बिजली, और ठनका के कारण कई लोगों की जान चली गई, कई लोग घायल हो गए और घरों तथा संपत्तियों को नुकसान हुआ है और प्रभावित क्षेत्रों में घरों, संपत्तियों और बिजली को नुकसान पहुंचने की सूचना है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या पीड़ितों को सरकार द्वारा राहत और मौद्रिक सहायता प्रदान की गई है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 6 जून 2019 को अचानक आई धूल भरी आंधी और आकाशीय बिजली गिरने के कारण 20 जिलों में 29 लोगों की जानें गईं, 58 लोग घायल हुए और 34 घरों को क्षति पहुंची। उत्तर प्रदेश सरकार ने पीड़ितों को राज्य आपदा मोचन निधि के मानदंडों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में किसी भी नुकसान की सूचना प्राप्त नहीं हुई थी।

****